




# भारत पुरुष अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में



**काकामिगाहारा, 03 जून. भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चीनी ताइपे को पूल ए के आखिरी लीग मैच में 13-1 से हराकर अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. भारत ने कजाकिस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल के मुकाबले खत्म किए, जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा. इन चार मैचों से टीम को कुल नौ अंक मिले.**

चीनी ताइपे के खिलाफ टीम की आक्रामक क्षमता पूरी तरह से देखने को मिली, जिसमें आशीष तानी पूर्ति अपनी हैट्रिक (27', 35', 42') के साथ सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनकर उभरे. वहीं, गाज़ी खान (40', 44'), सिद्धार्थ बेन (30', 52') और राहुल यादव (20', 54') ने दो-दो गोल किए. इसके अलावा, करण गौतम (7'), प्रेमचंद सोय (11'), कप्तान केतन कुशवाहा (13') और वरिंदर सिंह (50') ने भी गोल करने में अपना योगदान दिया. भारत ने शुरू से ही अपने इरादे साफ कर दिए थे और अपने तेज़-तर्रार खेल से मैच की गति को अपने नियंत्रण में रखा, जिससे चीनी ताइपे की रक्षापंक्ति लगातार मुश्किल में रही. सातवें मिनट में करण ने भारत के पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच का पहला गोल किया और गतिरोध तोड़ा. इसके बाद प्रेमचंद (11') ने एक फील्ड गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया, जबकि कप्तान कुशवाहा (13') ने जल्द ही तीसरा गोल करके पहले क्वार्टर के अंत तक अपनी टीम को पूरी तरह से मैच पर हावी कर दिया. भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा. यादव (20') ने चौथा गोल किया, जिसके बाद पूर्ति (27') ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 कर दिया.

> हाफ-टाइम के बाद भारत ने उसी जोश के साथ खेल फिर से शुरू किया. पूर्ति ने 35वें मिनट में एक और सेट-पीस से अपना दूसरा गोल किया, जिससे स्कोर 7-1 हो गया. फिर खान (40') ने भी अपना कमाल दिखाया और एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को और बढ़ा दिया. पूर्ति (42') ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी हैट्रिक पूरी की, जबकि खान (44') ने अपना दूसरा गोल किया; इस तरह भारत 10-1 की बड़ी बढ़त के साथ आखिरी क्वार्टर में पहुँचा.

# इंडोनेशिया ओपन में सिंधु का शानदार प्रदर्शन



**बैंकॉक, 03 जून. इंडोनेशिया ओपन 2026 में मंगलवार को भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 25-23, 21-16 से मात देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की. जकार्ता के इस्टोरा सेनायन स्टेडियम में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन आखिरकार 51 मिनट तक चले मुकाबले को अपने नाम किया.**

सिंधु ने आक्रामक खेल शैली से पहले गेम को कड़े मुकाबले के बाद जीता और उसी ऊर्जा को दूसरे गेम में भी बरकरार रखते हुए सीधे सेटों में जीत सुनिश्चित की. सिंधु को अब दूसरे राउंड में एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जहां उनका मुकाबला मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी एन से-यंग से होने की संभावना है. सिंधु 'हेड-टू-हेड' रिकॉर्ड में 0-9 से पीछे हैं और पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी वह इसी कोरियाई खिलाड़ी से हारी थीं.

अगले राउंड में जगह बनाने वाली एक और जोड़ी मेंस डबल्स में हरिहरन अमसकारुनन और एमआर अर्जुन की थी, जिन्होंने मलेशिया के 2016 ओलंपिक पदक विजेता टैन वी किओंग और उनके मौजूदा जोड़ीदार नूर मोहम्मद अजरीन पर सीधे गेमों में जीत दर्ज की. भारत की दिग्गज शटलर सिंधु साल 2023 के बाद पहली बार दुनिया के टॉप-10 खिलाड़ियों में शामिल हुई हैं, उन्होंने थाईलैंड की शटलर के खिलाफ लगातार 11वीं जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की. बुसानन के खिलाफ 'हेड-टू-हेड' रिकॉर्ड में अब सिंधु 21-1 से आगे हैं.

# भारतीय बेटियों ने 25-0 से सिंगापुर को हराया



**भारतीय महिला अंडर-18 हॉकी टीम ने सिंगापुर को 25-0 से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया है और एशिया कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है.**

मंगलवार को हुए मुकाबले में भारतीय टीम की तरफ से 10 अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल किए. नौशीन नाज ने सर्वाधिक सात गोल किए. गीताश्री नम्मी, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, ने पांच गोल किए, जबकि कप्तान स्वीटी कुजूर ने चार गोल किए.
प्रियंका मिंज ने भी हैट्रिक बनाई, जबकि दीया, नैन्सी सरोहा, श्रुति कुमारी, पुष्पा मांझी, रश्मीन कौर, और संदीपा कुमारी ने 1-1 गोल किए. भारतीय टीम ने अपने आक्रामक खेल से मैच की शुरुआत में ही अपने इरादे जाहिर कर दिए थे. कप्तान स्वीटी ने दूसरे मिनट में गोल किया. फिर नौशीन ने आठवें मिनट में बढ़त बढ़ाई. गीताश्री और नौशीन दोनों ने 13वें मिनट में गोल कर मैच पर भारत का दबदबा स्थापित कर दिया. दूसरे क्वार्टर में, भारतीय टीम ने अपना दबदबा और बढ़ाया, नौशीन ने दो तेज गोल किए. इसके बाद प्रियंका और स्वीटी ने हाफटाइम से पहले भारत की बढ़त बढ़ाने में मदद की.

## एक नजर में

### कमिंस ने दिया आईपीएल छोड़ने का संकेत

**नयी दिल्ली.** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने माना है कि वह आईपीएल 2027 को छोड़ सकते हैं, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के व्यस्त दौर के दौरान अपने काम के बोझ को सावधानी से मैनेज करना चाहते हैं. अगले साल ऑस्ट्रेलिया का शेड्यूल काफी व्यस्त और मुश्किल भरा है. इसकी शुरुआत भारत के चार टेस्ट मैचों के दौरे से होगी, जिसके बाद मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच खेला जाएगा. इसके बाद टीम एशेज सीरीज़ खेलेगी, और फिर साल के आखिर में दक्षिण अफ्रीका, ज़िम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी. ऑस्ट्रेलियाई अख़बार 'द एज' से बात करते हुए कमिंस ने कहा कि इस व्यस्त शेड्यूल के चलते उन्हें फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट के बजाय अंतरराष्ट्रीय मैचों को ज़्यादा अहमियत देनी पड़ सकती है. हालांकि उन्होंने आईपीएल 2027 को लेकर अभी कोई आखिरी फैसला नहीं लिया है, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि टूर्नामेंट शुरू होने के करीब आने पर वह अपनी फ्रेंचाइज़ी के साथ इस बारे में चर्चा करेंगे. कमिंस ने कहा, अगले साल किसी न किसी मोड़ पर मुझे कुछ छोड़ना ही पड़ेगा, और वह टेस्ट मैच या वनडे वर्ल्ड कप तो बिल्कुल नहीं होंगे. मैं टूर्नामेंट के करीब आने पर ही कोई फैसला लूंगा और अपनी फ्रेंचाइज़ी के साथ मिलकर देखूंगा कि क्या करना सही रहेगा.



### तिलक की कप्तानी में भारत-ए तैयार

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी ट्राई सीरीज के लिए भारत-ए टीम का ऐलान कर दिया है. युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि अनुभवी घरेलू खिलाड़ी और आईपीएल स्टार रुतुराज गायकवाड़ को उप-कप्तान बनाया गया है. चयनकर्ताओं ने इस बार उन खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है जिन्होंने घरेलू क्रिकेट, इंडिया-ए दौरों और विभिन्न टी-20 प्रतियोगिताओं में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है. टीम में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रियांश आर्य और वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है. दोनों खिलाड़ियों ने हाल के समय में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है. मध्यक्रम में कप्तान तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु और सूर्यांश शेडगे जैसे खिलाड़ी टीम को मजबूती प्रदान करेंगे. इन खिलाड़ियों के पास मैच का रुख बदलने की क्षमता है और चयनकर्ता उन्हें भविष्य के संभावित अंतरराष्ट्रीय सितारों के रूप में देख रहे हैं. विकेटकीपर के रूप में प्रभसिमरन सिंह और कुमार कुशाग्र को मौका मिला है. प्रभसिमरन ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में कई महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं, जबकि कुमार कुशाग्र अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और तेज विकेटकीपिंग के लिए जाने जाते हैं. गेंदबाजी विभाग में भी संतुलन देखने को मिलता है.



### आकिब नबी को मिले मौके की मांग



**नयी दिल्ली.** घरेलू टी20 लीग यानी आईपीएल के समापन के बाद अब बारी है भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मुकाबले की. इसकी शुरुआत छह जून यानी शनिवार को मुल्लांपुर में होगी. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम का एलान कर दिया है, जिसमें बैकअप के तौर पर जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को शामिल किया गया है. हालांकि, अनुभवी गेंदबाज ईशांत शर्मा के कोच श्रवण कुमार का मानना है कि इस युवा गेंदबाज को प्लेइंग-11 का हिस्सा होना चाहिए था. तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के कोच श्रवण कुमार का मानना है कि आकिब नबी को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होना चाहिए. न कि उन्हें सिर्फ एक बैकअप खिलाड़ी की भूमिका तक सीमित रखा जाना चाहिए. बता दें कि, नबी ने रणजी ट्रॉफी के हालिया सत्र में 60 विकेट झटके थे और जम्मू-कश्मीर को अपना पहला खिताब दिलाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई. भारतीय टीम की चयन समिति के फैसले से हैरान कोच श्रवण ने कहा, 'आकिब नबी ने अपनी टीम को रणजी चैंपियन बनाया और 60 विकेट लिए, फिर भी उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए क्यों नहीं चुना गया.

# टी-20 विश्व कप में शेफाली और मेरी भूमिका अहम होगी : मंधाना



**टॉन्टन, 03 जून. भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मांधना का मानना है कि मौजूदा सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ साझेदारी न करने के बावजूद वह और उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा आगामी टी-20 विश्व कप की शुरुआत में अपनी टीम को अच्छी लय दे पायेंगे.**

मंधाना और शेफाली ने तीन मैचों में क्रमश: 19, 27 और शून्य की ओपनिंग साझेदारियां कीं. इसके बावजूद मंधाना का मानना है कि विश्व कप में भारत की सफलता के लिए दोनों की भूमिका बेहद अहम होगी. पिछले साल नवंबर में घरेलू जमीन पर वनडे विश्व कप जीतने के बाद अब भारत की नजर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी पर है. तीसरे टी-20 में छह विकेट से हार के बाद मांधना ने कहा, 'मेरे और शेफाली के लिए अच्छी बात यह है कि हम गेंद को अच्छी तरह टाइम कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से हम टीम के लिए बड़ी पारियां नहीं खेल पाए. हम दोनों नेट्स में वापस जाएंगे, कड़ी मेहनत करेंगे और एक सलामी जोड़ी के तौर पर पहले से अधिक मजबूत होकर लौटने की कोशिश करेंगे.

# प्रज्ञानंद ने कार्लसन को हराकर रचा इतिहास



**ओस्लो, 03 जून. भारतीय ग्रैंड मास्टर आर. प्रज्ञानंद ने नॉर्वे शतरंज 2026 के आठवें राउंड दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को एक ही टूर्नामेंट में दूसरी बार हराकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया.**

वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कार्लसन को दो बार क्लासिकल फॉर्मेट में हराने वाले पहले भारतीय बने हैं. इसी के साथ टूर्नामेंट में पहले स्थान की दौड़ में नया रोमांच भर दिया है. अलीरेजा फिरोजजा ने विश्व चैंपियन गुकेश डोम्माराजू पर एक महत्वपूर्ण क्लासिकल जीत दर्ज की. सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए, फिरोजजा ने आपसी समय के दबाव के बीच एक तनावपूर्ण एंडगेम को कुशलता से संभाला और एक बहुमूल्य जीत हासिल की, जिससे वह टूर्नामेंट के लीडर वेस्ली सो से केवल एक अंक पीछे रह गए. प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने एक और ऐतिहासिक परिणाम दिया, जब उन्होंने नॉर्वे शतरंज 2026 में एक बार फिर मैग्नस कार्लसन को हराकर खिताब की दौड़ को और कड़ा कर दिया.

> 20 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने पिछले हफ़्ते सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन को हराया था, ने राउंड 8 में काले मोहरों से खेलते हुए उसी कारनामे को दोहराया, और इस तरह एक ही टूर्नामेंट में कार्लसन पर दो क्लासिकल जीत दर्ज कीं. इसके साथ ही, प्रज्ञानंद भारत के दिग्गज विश्वनाथन आनंद के बाद कार्लसन को एक ही टूर्नामेंट में दो बार हराने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, और उन चुनिंदा खिलाड़ियों के समूह में भी शामिल हो गए हैं जिन्होंने पांच बार के विश्व चैंपियन को क्लासिकल शतरंज में तीन बार हराया है.

# 7 साल बाद न्यूजीलैंड में टेस्ट मैच खेलेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली, 03 मई. जीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ अपने ऐतिहासिक घरेलू सीरीज का ऐलान कर दिया है. इस साल के अंत में भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी, जहां उसके पांच टी20, पांच वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है.**

मल्टी फॉर्मेट सीरीज के ये 12 मुकाबले पांच अलग-अलग वेन्यू पर आयोजित की जाएगी. न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम पहली बार भारतीय टीम के साथ अपने घर में एक साथ अलग-अलग फॉर्मेट में 12 मैच खेलेगी. न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ अपने समर सीजन की शुरुआत करेगी. भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज की शुरुआत 22 अक्टूबर से होगी और ये 1 दिसंबर तक चलेगी. भारत के खिलाफ सीरीज के अलावा कीवी टीम ने श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज की भी घोषणा की है. न्यूजीलैंड जनवरी के अंत और फरवरी की शुरुआत में घरेलू सीजन का अंत करेगी. उसके बाद टीम दिसंबर और जनवरी की शुरुआत में चार टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी. भारतीय टीम साल 2019 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड का दौरे पर टेस्ट सीरीज खेलेगी. वहीं, जबकि 2022 के बाद यह देश में उनका पहला व्हाइट-बॉल सीरीज होगा. भारत के बाद न्यूजीलैंड 16 जनवरी से शुरू होने वाले एक और ऑल-फॉर्मेट दौरे के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा.

# योगासन की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

**वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप, 4 जून से 8 जून तक**



**अहमदाबाद, 03 जून. वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप 2026, 4 जून से 8 जून तक गुजरात के एका एरिना में 70 से ज़्यादा देशों के 500 से ज़्यादा एथलीटों को एक साथ लाएगी.**

अहमदाबाद में होने वाले इस आयोजन में जूनियर, यूथ और सीनियर कैटेगरी में पारंपरिक योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, रिदमिक पेयर्स और टीम इवेंट्स सहित कई विधाओं में मेडल इवेंट्स शामिल होंगे. भारत में इस खेल के लिए राष्ट्रीय महासंघ, योगासन भारत, वर्ल्ड योगासन और भारतीय ओलंपिक संघ के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है. खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले महीने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए कहा, 'जब 2030 में भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन होगा, तो योगासन को भी एक स्वदेशी खेल के तौर पर उसमें जगह दी जाएगी. योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है जिसमें शारीरिक मुद्राएं, सांस लेने की तकनीकें और ध्यान शामिल हैं. पिछले कुछ सालों में, यह विधा एक वैश्विक आंदोलन और एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हुई है, जिसे योगासन के नाम से जाना जाता है - यह संस्कृत शब्दों 'युज' और 'आसन' (शारीरिक मुद्राएं) से बना है.

> एथलीटों को अलग-अलग मुद्राएं करते समय उनकी लचीलेपन, संतुलन, सहनशक्ति, स्थिरता और नियंत्रण के आधार पर परखा जाता है. आर्टिस्टिक योगासन में एथलीटों को कोरियोग्राफ किए गए रूटीन करने होते हैं, जबकि पारंपरिक योगासन में मुद्राओं को सटीकता और स्थिरता के साथ बनाए रखने पर ज़ोर दिया जाता है. रिदमिक योगासन इवेंट्स जोड़ों या समूहों में आयोजित किए जाते हैं, जिसमें प्रतिभागी तालमेल बिठाते हुए योगासन और मुद्राओं में बदलाव करते हैं. स्वदेशी भारतीय खेलों को बढ़ावा देने योगासन को 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021' में शामिल किया गया था और बाद में उत्तराखंड में होने वाले 'नेशनल गेम्स 2025' में भी इसे जगह मिली.

**साइकिल दिवस** ▶ साइकिल शरीर को ऊर्जावान और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखती

# साइकिल का उपयोग करें युवा : मांडविया



**नयी दिल्ली 03 जून. केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को विश्व साइकिल दिवस पर देश के युवाओं से अपनी जीवनशैली और दिनचर्या में साइकिल उपयोग करने का आह्वान किया.**

डॉ मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में साझा किये विडियो में कहा, 'देश की युवा शक्ति से अपील कि वे साइकिल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं. उन्होंने कहा कि यह केवल एक कसरत या एक दिन का शौक नहीं, बल्कि सशक्त और स्वस्थ जीवन शैली की पहचान है. साइकिल हमें फिट रखती है, शरीर को ऊर्जावान बनाती है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखती है. उन्होंने कहा, ' साइकिल को दिनचर्या का जीवन का हिस्सा बनाने से प्रदूषण कम होगा, पेट्रोल-डीजल की बचत होगी और देश को भी फायदा पहुंचेगा.

> उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का जिक्र करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल वाले वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिए साइकिल एक प्रभावी और सकारात्मक समाधान है. उन्होंने कहा, ' 'संडे ऑन साइकिल' अभियान में लाखों युवा भाग ले रहे हैं जन आंदोलन का रूप ले रहे हैं. उन्होंने सभी युवाओं से फिट इंडिया ऐप पर पंजीकरण कराने और अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी जोड़ने का आग्रह किया.

# नाथन ने चटकाए 4 विकेट

**▶ शादाब खान की 71 रन की पारी बेकार**

**नयी दिल्ली. लाहौर के ऐतिहासिक गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान को 41 रन से हराकर सीरीज में बराबरी हासिल कर ली.**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शुरुआती 51 रन के भीतर तीन प्रमुख बल्लेबाज पवेलियन लौट गए. ऐसे मुश्किल हालात में जोश इंग्लिस और कैमरन ग्रीन ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को संकट से बाहर निकाला. दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 51 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की. इंग्लिस ने 51 रन और ग्रीन ने 50 रन की उपयोगी पारी खेली. मध्यक्रम के योगदान की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवर में 231 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया. पाकिस्तान की ओर से गेंदबाजों ने शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन मध्य ओवरों में वे दबाव बनाए रखने में सफल नहीं रहे. 232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत निराशाजनक रही.

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी बनाने में नाकाम रहे और टीम लगातार दबाव में आती गई. कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज भी बड़ी पारी खेलने में असफल रहे, जिससे लक्ष्य और कठिन हो गया. ऐसे समय में शादाब खान ने जिम्मेदारी उठाई और 104 गेंदों में 71 रन की जुझारू पारी खेली. उन्होंने एक छोर संभाले रखा और मैच को अंत तक ले जाने की कोशिश की.